दैनिक भास्कर 18/05/2023

# संस्कृत भाषण प्रतियोगिता में रिया ने पाया पहला स्थान

**अम्बाला** | जीएमएन कॉलेज के संस्कृत विभाग व रामायण प्रचार प्रसार प्रतिष्ठान उपकेंद्र के संयोग से भाषण प्रतियोगिता कराई गई। इसमें स्टूडेंट्स ने रामायण श्लोकों का उच्चारण किया व रामायण पर वक्तव्य प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में संस्कृत विभाग के स्टूडेंट्स ने भाग लिया। बीए तृतीय वर्ष की रिया ने पहला, संदीप कौर ने दूसरा स्थान, बीए द्वितीय वर्ष के विष्णु प्रसाद ने तीसरा स्थान व सांत्वना पुरस्कार बीए तृतीय वर्ष की शगुन व रितु को मिला। मंच संचालन विभाग के सहायक प्रवक्ता शुभम शर्मा ने किया। संस्कृत भाषण प्रतियोगिता में प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने विजेता विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट दिए।